# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री


10 युवाओं को एआई एवं डिजिटल कौशल से सशक्त...



12 31 जुलाई तक कराएं खरीफ फसलों का बीमा, प्राकृतिक...




## खबर संक्षेप

### नगरी में जुड़वास एवं माता पहुंचानी कल

**नगरी।** नगरी में दिन गुरूवार को माता पहुंचानी मनाया जायेगा। सुबह जुड़वास एवं दोपहर को माता पहुंचानी आयोजित होगा। यह जानकारी नगर व्यवस्था समिति के महासचिव दीपेश निषाद, शीतला मंदिर पुजारी सत्यम सोम, नगर देहारी गिरजाशंकर सोम, देवपंच उत्तम गौर, सेमंत पटेल, शैलेन्द्र लाहौरिया, होरीलाल पटेल ने दी है।

### कुरूद में ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट चयन स्पर्धा संपन्न

**कुरूद।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में अंडर-14, 17 एवं 19 बालक वर्ग की विकासखंड स्तरीय क्रिकेट चयन प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में कुरूद विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन समिति ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया। आयोजन में क्रीड़ा प्रभारी चोवालाल साहू सहित विकासखंड के व्यायाम शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

### डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में युवाओं को खेल व आर्मी भर्ती का प्रशिक्षण

**कुरूद।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में प्रतिदिन क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी तथा आर्मी भर्ती की तैयारी के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थापक एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू के निर्देशन में लगभग 20 खिलाड़ी नियमित सुबह और शाम अभ्यास कर रहे हैं। अकादमी का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेल एवं सेना भर्ती के लिए तैयार करना है।

### रामपुर स्कूल में खो-खो स्पर्धा की तैयारियां तेज

**कुरूद।** स्कूल गेम्स फेडरेशन के अंतर्गत आयोजित होने वाली विकासखंड एवं जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में खो-खो मैदान तैयार किया गया। क्रीड़ा प्रभारी टुकेश्वरी के नेतृत्व एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू के मार्गदर्शन में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

### कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र रामपुर पहुंचे सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी

**कुरूद।** शाउमावि रामपुर के कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र का सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी जे.पी. देव ने निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से मुलाकात कर नियमित अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ प्रशिक्षण लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान प्राचार्य एम.आर. मनहर, एनआईएस प्रशिक्षक विकास सिंह ठाकुर एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू उपस्थित रहे।

### रामपुर में इंट्राम्यूरल कुश्ती चैंपियनशिप संपन्न

**कुरूद।** शाउमावि रामपुर स्थित कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र में जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा खेलो इंडिया सेंटर के मार्गदर्शन में इंट्राम्यूरल कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस के बालक-बालिकाओं ने विभिन्न भार वर्गों में दमखम दिखाया। राजवीर, सुनैना और लखेश्वरी अपने-अपने वर्ग में विजेता रहे। विजेताओं को मेडल, टी-शर्ट और पेन देकर सम्मानित किया गया। एनआईएस प्रशिक्षक विकास सिंह ठाकुर और व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# शुभ कार्यों पर लगा ब्रेक, अब चार माह बाद बजेंगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देवशयनी एकादशी 25 जुलाई को है। इस दिन से भगवान श्री हरि योगनिद्रा पर चले जाएंगे। सृष्टि का संचालन भोलेनाथ सम्हालेंगे। देवशयनी एकादशी के बाद करीब चार माह तक शादी ब्याह जैसे शुभ कार्यों पर ब्रेक रहेगा। 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के बाद शुभकार्य चालू होंगे। उल्लेखनीय है कि 13 जुलाई से गुरू अस्त हो चुके हैं। इसके चलते पहले ही शुभकार्य बंद हो चुके हैं।

इस साल शादियों की खूब धूम रही। अब इन शुभ कार्यों पर ब्रेक लग गया है।गुरु अस्त होने के चलते 13 जुलाई के बाद से ही शादियां नहीं हो रही है। आगामी 25 जुलाई से चातुर्मास की की शुरूआत होने जा रही है। जिसके चलते 20 नवंबर तक चार महीने कोई भी शादी-ब्याह नहीं हो पाएंगे। देव उठनी एकदशी से एक बार फिर शादियों का सिलसिला शुरू होगा। जिसके बाद शुभ कार्यों के लिए मुहूर्त ही मुहूर्त हैं। नवंबर से लेकर जून महीने तक हर महीने शादी के लिए शुभ मुहूर्त है। इस साल विवाह का शुभ मुहूर्त नवंबर में 21, 24, 25 और 26 तारीख को है। जबकि दिसंबर में 2, 3, 4, 5, 6, 11 और 12 तारीख को विवाह के योग है। इसके 2027 में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है।



## 13 से गुरु अस्त होने के कारण मुहूर्त नहीं, 20 से चातुर्मास

### चार माह बाद जागेंगे श्री हरि विष्णु

कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष पर देवउठनी एकादशी से शुभ मुहूर्त एक बार फिर शुरू होंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार देवउठनी एकादशी पर 4 महीने के बाद भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते हैं। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने का अधिक महत्व है। साथ ही व्रत किया जाता है। देवउठनी एकादशी से ही मांगलिक काम की शुरूआत होती है। देवउठनी एकदशी के दिन चातुर्मास का समापन होता है।

### बैरिकेड तोड़कर निगम मुख्यद्वार पर पहुंचे आंदोलनकारी, महापौर सहित केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

# जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने नगर निगम का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के बेनर तले निगम प्रतिपक्ष दल ने नगर निगम कार्यालय का घेराव किया। बरसते पानी में आवासीय पट्टा, पीएम आवास, पेंशन भुगतान सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर खूब प्रदर्शन किया गया। मकईचौक से निगम कार्यालय तक रैली निकालकर महापौर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

पुलिस ने आंदोलनकारियों को निगम के मुख्यद्वार तक पहुंचने से रोकने दोनों तरफ बैरीगेट्स लगाए जिसे प्रदर्शनकारी पार कर मुख्यद्वार तक पहुंच गए। इधर सीएसपी के नेतृत्व में तैनात दर्जनभर से अधिक पुलिस ने निगम के मुख्यद्वार को बंद कर प्रदर्शनकारियों को रोकने का सफल प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच झूमाझटकी भी हुई। कांग्रेसियों ने मुख्यद्वार को धक्का देने के साथ महापौर को निगम से बाहर निकलने आवाज बुलंद करते रहे।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती तारणी चंद्राकर, निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर के नेतृत्व में शहर के विभिन्न वार्डो के लोग मकई तालाब के पास एकत्रित हुए। दोपहर 12 बजे हल्की बारिश के बीच रैली निकाली। रैली सदर मार्ग होते हुए स्वामी चौक, हनुमान मंदिर के रास्ते निगम के पास पहुंचे। प्रदर्शनकारियों को रोकने पुलिस प्रशासन ने निगम कार्यालय के रास्ते में दोनों तरफ बैरिकेटिंग कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जिसे पार कर उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, राजा देवांगन, गीतराम सिन्हा, सूरज गहरवाल सहित अन्य युवा मुख्यद्वार तक पहुंच गए। बैरिकेटिंग टूटने के बाद जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के साथ आंदोलनकारी निगम के मुख्यद्वार पर बैठ गए और जमकर भड़ास निकाली।

प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने नवपदस्थ आयुक्त अरूण वर्मा को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमें पट्टाविहीन परिवारों को आवासीय पट्टा के साथ प्रधानमंत्री आवास का लाभ, नये पट्टों का वितरण, जर्जर अटल आवासों का जीर्णोद्धार, प्रधानमंत्री आवास योजना में लंबित प्रकरणों का निराकरण, मृत हितग्राहियों के नाम पर नामिनी जोड़ने, एएचपी हितग्राही को बीएलसी में स्वीकृति, पेंशनधारियों को नियमित पेंशन, गड्ढामुक्त सड़के, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, सार्वजनिक शौचालयों की नियमित साफ सफाई, मकेश्वर वार्ड में आडिटोरियम के पीछे जर्जर बाउंड्रीवाल को हटाकर सड़क चौड़ीकरण, रेल्वे के विस्थापित परिवारों के लिए आवास व्यवस्था सहित विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

निगम घेराव एवं पुतला दहन के अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, मोहन लालवानी, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व महापौर विजय देवांगन, आनंद पवार, सलीम रोकड़िया, पार्ष सुमन मेश्राम, सूरज गहरवाल, उमा भागीरथी ध्रुव, दीपक सोनकर, गौतम वाधवानी, योगेश शर्मा, राकेश मौर्य, गौरव दास, पारसमणी साहू, प्रवीण साहू, यश चंद्राकर, रोशन वंदे, योगेश साहू, मयंक ध्रुव, तामेश्वर भोयर, नोमेश सिन्हा, सुदीप सिन्हा, संजू साहू, सूरज पासवान, मुकेश साहू सहित कांग्रेस एनएसयूआई युवा कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।









## दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रधानमंत्री का फूंका पुतला



नगर निगम घेराव के बाद कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठीचार्ज और बलप्रयोग के विरोध में गांधी मैदान पर प्रधानमंत्री का पुतलादलन किया गया। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन, गीतराम सिन्हा, विशु देवांगन, पूर्वविधायक लेखराम साहू के नेतृत्व में कांग्रेस भवन से पुतला लेकर रैली निकाली गई। गांधी मैदान में पुलिस ने पुतले को अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ताओं ने घेराकर प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि छात्रों की गूंज अभियान के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार छात्रों की आवाज उठा रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार उनकी मांगों को दबाने के लिए लाठीचार्ज कर रही है। देशभर में नीट पेपरलीक और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ गंभीर चिंता का विषय है। दिल्ली में शांतिपूर्वक प्रदर्शन पर पुलिस की कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि कांग्रेस और एनएसयूआई छात्रहितों के रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। छात्रों पर अत्याचार और पेपरलीक के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतलादहन कर विरोध दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि छात्रों के अधिकार पर किसी प्रकार का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मीटर रीडरों के रोजगार पर लटकी तलवार

- विद्युत मीटर रीडर संघ छग ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रोजगार और भविष्य सुरक्षा की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्मार्टमीटर में आटो पंचिंग तथा प्रस्तावित प्रीपेड प्रणाली ने विद्युत मीटर रीडरों को सकते में डाल दिया है। प्रदेश के करीब 5 हजार मीटर रीडरों के रोजगार, आजीविका एवं भविष्य की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को विद्युत मीटर रीडर श्रमिक संघ छग ने कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा है।

विद्युत मीटर रीडर श्रमिक संघ ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि छग राज्य में स्मार्ट मीटरों में आटो पंचिंग प्रणाली शुरु हो चुकी है और निकट भविष्य में स्मार्ट मीटरों को प्रीपेड/रिचार्ज प्रणाली में परिवर्तित किया जाना प्रस्तावित है। प्रीपेड प्रणाली लागू होते ही मीटर रीडिंग एवं मैनुअल बिलिंग का कार्य पूर्णतः समाप्त हो जाएगा। जिससे प्रदेश के लगभग 5000 कार्यरत विद्युत मीटर रीडर तथा उनका परिवार प्रत्यक्ष रूप से बेरोजगारी के संकट में आ जाएंगे। संघ के अध्यक्ष संतोष यादव, उपाध्यक्ष अशोक कुमार, महासचिव गजानंद यादव ने बताया कि सूचना के अधिकार में मांगी गई जानकारी में मीटर रीडरों के भविष्य, वैकल्पित रोजगार, सेवा निरंतरता एवं आय सुरक्षा के संबंध में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी ने विभाग के पास कोई दस्तावेज नीति अथवा आदेश उपलब्ध नहीं होना बताया गया है। हजारों मीटर रीडरों के रोजगार संरक्षण, वैकल्पित कार्य के संबंध में कोई नीति नहीं बनाई गई है। बिना किसी वैकल्पित व्यवस्था के हजारों श्रमिकों को बेरोजगारी की ओर धकेलना सामाजिक एवं मानवीय दृष्टि से अत्यंत गंभीर विषय है।

संघ ने पांच सूत्रीय मांग में कहा है कि मीटर रीडरों के रोजगार संरक्षण के लिए तत्काल शासन स्तर पर ठोस नीति बनाई जाए। जब तक वैकल्पित रोजगार के स्पष्ट नीति लागू नहीं की जाती तब तक प्रीपेड रिचार्ज प्रणाली लागू नहीं किया जाए। प्रदेश के 5000 मीटर रीडरों के परिवारों के हितों को ध्यान में रखते हुए तत्काल सुनवाई एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।



# जिले के आठ निरीक्षकों का तबादला

- थानों की कमान निरीक्षकों को सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के आठ निरीक्षकों का स्थानांतरण कर उन्हें थानों व चौकी की कमान सौंपी गई है। इसी के साथ अब जिले के थाने के चौकी निरीक्षक स्तर के अधिकारी संभालेंगे।

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी व जनोन्मुखी बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक भावना पाण्डेय ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए 8 निरीक्षकों का स्थानांतरण एवं नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया है। यह प्रशासनिक फेरबदल पुलिसिंग और अधिक परिणामोन्मुख उत्तरदायी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, कानून व्यवस्था सुदृढ़ संधारण, गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा आमजन को त्वरित एवं बेहतर पुलिस सेवाएं सुनिश्चित की जा सके। जारी आदेश के अनुसार शरद ताम्रकार को रक्षित केन्द्र से अर्जुनी थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। निरीक्षक अरूण साहू को नगरी से भखारा प्रभारी, उमेश पाटिल को रक्षित केन्द्र से नगरी थाना प्रभारी, समीर तिवारी को रक्षित केन्द्र से बिरेझर पुलिस चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह निरीक्षक सन्नी दुबे को रक्षित केन्द्र से रूद्री थाना का प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक तामेश्वर नेताम को भखारा से नगरी थाना का कमान सौंपी गई है। मधुनाथ ध्रुव को रक्षित केन्द्र से बोराई थाना प्रभारी व चन्द्रकांत साहू को साइबर थाना में पदस्थ किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

एसपी भावना पाण्डेय ने सभी स्थानांतरित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे तत्काल नवीन पदस्थापना स्थल पर पदभार ग्रहण कर क्षेत्र में सक्रिय व विजिबल पुलिसिंग सुनिश्चत करें। पुलिस का यह फेरबदल जिले में सुदृढ़, पारदर्शी, जवाबदेह व जनकेन्द्रित पुलिसिंग को नई दिशा प्रदान करेगी।



## पुलिस ने जनप्रतिनिधियों के साथ बनाई सुरक्षा रणनीति

# बाहरी व्यक्तियों एवं किरायेदारों के सत्यापन अभियान को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों व होटल-लॉज में रूकने वालों के लिये पुलिस ने सत्यापन अभियान को गति देते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर व्यापक रणनीति बनाई है।

अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने व आमजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसपी भावना पाण्डेय के निर्देशन में जिले में होटल, ढाबा, लॉज, धर्मशाला, किरायेदार सत्यापन एवं बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन का पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जिले में निवासरत बाहरी व्यक्तियों, संदिग्ध किरायेदारों, अवैध प्रवासियों एवं असामाजिक तत्वों की पहचान पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी द्वारा नगर निगम के सभापति, एल्डरमेन, समस्त पार्षदगण, सरपंच, कोटवार एवं अन्य संबंधित स्टेकहोल्डर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर सुरक्षा व्यवस्था को जन सहभागिता के माध्यम से और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था की मजबूती केवल पुलिस की सर्तकता से नहीं बल्कि जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागिरकों के सक्रिय भागीदारी से सुनिश्चित होती है। पुलिस व समाज के बीच बेहतर समन्वय, त्वरित सूचना तंत्र तथा सामाजिक सहयोग के माध्यम से अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाकर सुरक्षित, शांतिपूर्ण व अपराधमुक्त धमतरी का निर्माण किया जा सकता है। बैठक में अवैध प्रवासियों, संदिग्ध व्यक्तियों एवं अन्य अवैधानिक गतिविधियों की सूचना प्राप्त करने के लिये टोल फ्री नंबर 1800-233-1905 जारी किया गया है।



### महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये

बैठक में अपने क्षेत्र में जारी किए गये निवास प्रमाण पत्रों को व्यवस्थित एवं रजिस्टर संधारित करके अपने वार्ड अथवा ग्राम में किसी भी नए, संदिग्ध एवं अपरिचित व्यक्ति की जानकारी तत्काल निकटतम थाना में दें। पुलिस द्वारा जारी जनजागरूकता पोस्टरों का अपने क्षेत्र में प्रचारव प्रसार करे, ठेकेदारों को अपने यहां कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी एवं मजदूर का पहचान संबंधी दस्तावेज उपलब्ध करा पुलिस सत्यापन कराने निर्देशित करे, सभी मकान मालिक अपने किरायेदारों का पुलिस सत्यापन कराना सुनिश्चित करे, क्षेत्र में फेरी लगाने वाले घुमन्तु व भ्रमणशील व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखे, होटल-लॉज व ढाबा संचालकों को प्रत्येक आगंतुक का पहचान पत्र लेकर उसका विवरण रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करने व संदिग्ध की तत्काल सूचना देने निर्देशित कया गया है।

# प्रदेश में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ब्राम्हण समाज ने छत्तीसगढ़ में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने की मांग कलेक्टर से की है। तहसील ब्राम्हण समाज भखारा के अध्यक्ष यशवंत शुक्ला, घनश्याम बिहारी, जगदीश शर्मा, सुनील तिवारी आदि ने सोमवार को कलेक्टर के नाम आवेदन दिया है।

आवेदन में कहा गया है कि केन्द्र सरकार द्वारा 103वें संविधान संशोधन 2019 के तहत आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को शैक्षणिक संस्था एवं सरकारी नौकरी में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक यह नियम लागू नहीं किया गया है। जिससे प्रदेश में निवासरत आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। समाज ने इस प्रावधान को छत्तीसगढ़ में शीघ्र लागू करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### कालसर्प दोष शांति पूजन 19 अगस्त को

**धमतरी।** इस वर्ष भी कालसर्प दोष शांति पूजन को लेकर विप्र विद्वत परिषद की बैठक हुई। 19 अगस्त को रूद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण रूद्री में कालसर्प दोष शांति पूजन का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पंजीयन शुल्क 3100 रूपये है। पंजीयन गणेश मंदिर मठ मंदिर चौक में किया जा रहा है।

## निधन

### मोहन रजक



**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद निवासी मोहन रजक उम्र 39 वर्ष का 20 जुलाई को निधन हो गया। वे प्रीतम रजक के पुत्र एवं गिरवर रजक के छोटे भाई थे जो कि मानस रक्तदान समूह से जुड़े हुए थे। क्षेत्र में लोग उन्हे रक्तदाता के रूप में जानते थे। उन्होने अपने जीवन में सैकड़ों बार लोगों को रक्तदान कर चुके थे। वे धार्मिक एवं समाजिक कार्यों से भी जुड़े हुए थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें ग्रामीण एवं परिजन काफी संख्या में शामिल होकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किये।

### सुबेलाल सिन्हा



**धमतरी।** ग्राम करेठा निवासी सुबेलाल सिन्हा का सोमवार रात्रि 11 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे सोहन सिन्हा के दादाजी थे। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह 11:30 को निवास स्थान करेठा से निकली। जिसमें गांव सहित समाज के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए।

### श्रीमती उषा चन्द्राकर



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम सेनचुवा की निवासी श्रीमती उषा बाई चन्द्राकर 45 वर्ष का निधन 19 जुलाई रविवार को हो गया। वे रा म गु ला ल च न्द्रा क र, चित्ररेखा बाई की बहू, मनोज चन्द्राकर की पत्नी एवं प्रवीण, पुरब चन्द्राकर की मां थी। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सेनचुवा के शांतिघाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार मगरलोड, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. 202607130100002/अ-21 (1)/ वर्ष 2025-26

क्र./Q/तह./वा.1/2026

मगरलोड, दिनांक 16/07/2026

एतद् द्वारा सर्वसधारण आम नागरिकों को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, आवेदक/विक्रेता पातक राम पिता अलखू राम जाति हल्बा (आदिवासी) निवासी ग्राम अमलीडीह कास्त ग्राम मगरलोड तहसील मगरलोड जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं के नाम पर ग्राम मगरलोड प.ह.नं. 16 तहसील मगरलोड स्थित भूमि ख.नं. 358/5 रकबा 0.040 हे. को अनावेदक/क्रेता बिन्दाबाई साहू पिता गणपत राम साहू जाति तेली (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम गाड़ाडीह तहसील मगरलोड जिला धमतरी के पास छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के अंतर्गत भूमि विक्रय अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय जिला धमतरी के पास प्रस्तुत किये जाने से जांच प्रतिवेदन हेतु अ.वि.अ. कुरूद के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में नियत सुनवाई दिनांक 31.07.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद-मुद्रा से जारी किया

तहसीलदार
मगरलोड
जिला-धमतरी (छ.ग.)

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 22 जुलाई से 5 अगस्त तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षा सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 22 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक आयोजित किया जाएगा। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विभागीय वेबसाईट एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर काउंसिलिंग हेतु छात्र-छात्राओं की सूची एवं काउंसिलिंग सूची प्रदर्शित की गई है। विद्यार्थियों को काउंसिलिंग सूची में दर्शित आबंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक उपस्थित होना होगा।

धमतरी जिला से काउंसिलिंग के लिए चयनित विद्यार्थी निर्धारित समय एवं स्थान पर कक्षा आठवीं की अंकसूची, प्रधानपाठक द्वारा जारी नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र, यदि अल्पसंख्यक वर्ग के हो तो 10 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अल्पसंख्यक वर्ग होने संबंधी नोटरी का सत्यापन प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, यदि विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हो तो उसका प्रमाण पत्र, यदि विशेष श्रेणी से चयनित (दिव्यांग, अनाथ, भूतपूर्व सैनिक के बच्चे) हो संबंधित प्रमाण पत्र आदि प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। इसके अलावा दिव्यांग माता-पिता के बच्चे होने, अनाथ बच्चे होने, विधवा माता के बच्चे होने, परित्यक्ता महिला के बच्चे होने, देश की रक्षा करते हुए या अपने कर्तव्य निर्वहन करते समय पुलिस, अर्धसैनिक, सशस्त्र बल, शहीद सैनिक के बच्चे होने का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। काउंसिलिंग के बाद संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश की पात्रता होने पर 3 दिन के भीतर अनिवार्यतः जिला शिक्षा अधिकारी से काउंटर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र के साथ काउंसिलिंग स्थल पर उपस्थिति देने कहा गया है।



AI फोटो

## भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज में उन्मुखीकरण सत्र आयोजित, 15 अगस्त से प्रारंभ होगा प्रशिक्षण

# युवाओं को एआई एवं डिजिटल कौशल से सशक्त बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल कौशल एवं भविष्य की रोजगार आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में जिला प्रशासन धमतरी द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी में "PIVOT by VerblyAI" कार्यक्रम के संबंध में एक विशेष जानकारी एवं उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन) सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की इकाई के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सत्र में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एवं डिजिटल तकनीकों के तेजी से बढ़ते उपयोग के कारण रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर विकसित हो रहे हैं। ऐसे में युवाओं के लिए केवल शैक्षणिक योग्यता ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक डिजिटल दक्षता, समस्या समाधान क्षमता, संचार कौशल तथा नवाचार की समझ भी आवश्यक हो गई है। PIVOT by VerblyAI कार्यक्रम इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, ताकि विद्यार्थी उद्योग जगत की अपेक्षाओं के अनुरूप स्वयं को विकसित कर सकें।





कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन, रोजगार-योग्यता कौशल, एआई आधारित आधुनिक टूल्स के व्यावहारिक उपयोग, डिजिटल उत्पादकता, इंटर्नशिप के अवसर तथा उद्यमिता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि बदलते तकनीकी परिवेश में निरंतर सीखने और कौशल उन्नयन का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। जानकारी दी गई कि नगर निगम धमतरी परिसर में जिला प्रशासन के सहयोग से स्थापित किए जा रहे PIVOT by VerblyAI प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ 15 अगस्त 2026 से किया जाएगा। इस केंद्र में एक समय में लगभग 300 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की क्षमता होगी। छह माह के इस प्रशिक्षण यात्रा के अंतर्गत प्रतिभागियों को निःशुल्क करियर काउंसलिंग, एआई एवं डिजिटल स्किल प्रशिक्षण, उद्योग आधारित प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप एवं जॉब कनेक्ट सहायता तथा उद्यमिता मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि भविष्य में रोजगार के अवसर तेजी से तकनीक आधारित होते जा रहे हैं। ऐसे में समय रहते डिजिटल एवं एआई कौशल अर्जित कर युवा न केवल बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि स्वयं का नवाचार आधारित उद्यम भी स्थापित कर सकते हैं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि धमतरी के युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी बनाया जाए।

आयोजकों ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थियों के लिए शीघ्र ही करियर काउंसलिंग एवं पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इस अवसर पर प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण, एनएसएस, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के प्रतिनिधि तथा PIVOT by VerblyAI टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# उड़ेना में नवीन बूथ समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

18 जुलाई शनिवार को शक्ति केंद्र छाती के अंतर्गत ग्राम उड़ेना में संगठन के निर्देशानुसार भोथली मंडल के अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल एवं मंडल उपाध्यक्ष बल्ला चंद्राकर की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं के समक्ष बूथ समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया।



बूथ क्रमांक 80 के पदाधिकारीगण अध्यक्ष भोजलाल साहू, सचिव रमेश गायकवाड़, बीएलए-2 रैनदास साहू, युवा प्रमुख देवेंद्र साहू,महिला प्रमुख श्रीमती कौशल्या साहू, व्हाट्सएप प्रमुख गिरीश साहू, मन की बात प्रमुख ललितराम साहू, स्वच्छता प्रमुख आरती साहू, वोटर प्रमुख प्रेमलाल साहू, वाहन प्रमुख राजेश साहू, छः कार्यक्रम प्रमुख टाहलुराम साहू, सामाजिक प्रमुख नोहरराम साहू, दीपकमल प्रमुख मनहरण साहू, लाभार्थी प्रमुख प्रेमलाल यादव को बनाया गया।

बूथ क्रमांक 81 के पदाधिकारीगण अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, सचिव योगेश्वर साहू, बीएलए-2 विष्णु चंद्राकर, युवा प्रमुख ओम प्रकाश साहू, महिला प्रमुख नधियाबाई साहू, व्हाट्सएप प्रमुख अनुभव साहू, मन की बात लीलेश्वर साहू, स्वच्छता ललितराम साहू,वोटर प्रमुख यशवंत साहू, वाहन प्रमुख डलेश्वर साहू, छः कार्यक्रम कामताराम साहू, सामाजिक प्रमुख नारायण साहू, दीपकमल प्रमुख मुकेश साहू, लाभार्थी प्रमुख प्रेमलाल यादव, पन्ना प्रमुख राजेश साहू को जिम्मेदारी दी गई है।

# बेलरगांव में शाला प्रबंधन समिति का गठन, नारद साहू बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलरगांव में शासन के निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शाला प्रबंधन समिति का गठन निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न कराया गया। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य पी.सी. झा, शेखर आडिल पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति, रीता नेताम संरपच ग्राम पंचायत बेलरगाँव, मोहनी साहू उपसरपंच, लिलम्बर सिंह साहू अध्यक्ष कृषि एवं ग्ग्राम विकास समिति बेलरगांव, हुमित लिमजा मंडल अध्यक्ष बेलरगांव, प्रियांशु प्रजापति विधायक प्रतिनिधि, पूर्व संरपच उमेद मरकाम, पोखराज कश्यप पूर्व उपसरपंच, सुभाषचद्र साहू वरिष्ठ नगरिक, चमरू राम साहू, लोकेश देवागन, टीकेशवर व जनप्रतिनिधि, आर.के. देवागन वरिष्ठ शिक्षक, टी.आर. साहू, एस.के. नेताम, सोम सर, नाग सर, कोसरिया सर, शिक्षकगण और पालकों की उपस्थिति में तीन अध्यक्ष पद उम्मीदवारों को निर्वाचन कराया गया जिसमें बच्चों के पालक व अभिभावक उपस्थित थे। उन्होंने अपने मताधिकार का उपयोग कर वोट डाला जिसमें नारद को 22 वोट से विजय घोषित किया । निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नारद साहू को शाला प्रबंधन समिति का अध्यक्ष उपाध्यक्ष चमेली कश्यप, सदस्य रूपेंद्र टंडन, मदन लाल कोसरिया, पुरुषोत्तम मरकाम, योगेश जुर्री, कुसमा बाई सलाम, कुमारी बाई नेताम, गंगा बाई मंडावी, चंदा सोनी, टिकेश्वरी पटेल, मौर्यध्वज सेन, कुशल कोर्राम, शेषकुमार नाग, निर्वाचित वार्ड पंच गजेंद्र कुमार नेताम, रामजी यादव, शिक्षाविद् उमेश कुमार साहू, सचिव प्राचार्य पीसी झा, शिक्षक सुरेन्द्र कुमार नेताम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमला साहू,स्वास्थ्य संयोजक होमन देव श्रीमाली का मनोनयन किया गया। जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने तिलक चंदन से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, विद्यालय के सर्वांगीण विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा पालकों की सक्रिय सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर पालक डिगेश कुमार साहू, डोमेश कुमार साहू, फागनु राम कुरू, भगीराम साहू,चेतना साहू, समारू राम मरकाम, डुबकेशवरी ठाकुर आदि उपस्थित थे।



# नगरी की चौपाटी में लग रहा पेवर ब्लॉक



- इंजीनियर ने निरीक्षण कर कहा कि जल्द ही चौपाटी का होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 6 स्थित चौपाटी में चल रहे पेवर ब्लॉक (चेकर टाइल्स) निर्माण कार्य का नगर पंचायत के इंजीनियर ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

इंजीनियर ने संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने पेवर ब्लॉक बिछाने, समतलीकरण तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की भी बारीकी से जांच की और आवश्यक सुधार संबंधी निर्देश दिए।

# शासकीय नवीन प्राथमिक शाला अटंग में एसएमसी का पुनर्गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शास नवीन प्राथमिक शाला अटंग में शाला विकास समिति का पुनर्गठन 21 जुलाई मंगलवार को किया गया। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अन्य पदाधिकारियों सहित सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें पालकगण प्रधानपाठक और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। जिसमें संयोजक भारतेन्द्र जोशी, अध्यक्ष राजेश साहू, उपाध्यक्ष प्रकाश साहू, स्थानीय प्राधिकरण उमेंद्र साहू, स्थानीय शिक्षाविद् शिवकुमार साहू, विद्यालय के शिक्षक इन्द्रजीत बंजारे, सदस्यगण में छबीलाल साहू, हेमनाथ साहू, गौकरण तारक, ईश्वरी साहनी, पूजा साहू, लिकेश्वरी साहू, फुलेश्वरी यादव, एकता साहू, हेमिन तारक, कामिनी साहू, राजेश्वरी साहू बनाए गए।

साथ ही मौके पर ग्रामीणों में रोशन चंद्राकर, भागवत साहू, हेदनाथ निर्मलकर, योगेश साहू, रुद्रनाथ साहू, डीगेन्द्र तारक, नेहरूराम साहू उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में पलक एवं तनुजा का चयन





**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला अरौद डुबान की कु पलक मरकाम एवं कु तनुजा मंडावी का राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में चयन होने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। संस्था के प्रधानपाठक एवं संकुल समन्वयक उत्तम गंगवीर तथा शिक्षक उत्तम कुमार जांगड़े एवं भुवन प्रसाद सोरी ने बच्चों को मार्गदर्शन दिया था। संगीता नेताम सरपंच, कन्हैया लाल निषाद सचिव, कुश मंडावी, शैलेन्द्र, सत्यवान ध्रुव, विष्णु सोरी, संतराम कुंजाम, कार्तिक राम नेताम, प्रमिला गजेंद्र शिक्षिका, जोगेंद्र बिसाई शिक्षक, अनिल साहू शिक्षक, कौशल गजेंद्र शिक्षक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी, मोहनलाल साहू समन्वयक, भुनेश्वर साहू समन्वयक, कुलेश्वर राम समन्वयक, भारत कुमार सोनी समन्वयक, ईश्वर नेताम समन्वयक, मेनका ऊइके ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

# शासकीय हाईस्कूल बोराई में छात्राओं को साइकिल वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय हाई स्कूल बोराई में शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना अंतर्गत छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम में प्राचार्य रूपधन सिंह नेताम के नेतृत्व में छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। इस अवसर पर शिक्षक रणजीत सिंह सोम, अजय कुमार टंडन, भुनेश्वर मांझी, योगेश बघेल, अनुराधा जैन एवं विज्ञान शिक्षक गजेंद्र वड़ाई सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बोराई के सरपंच माखनलाल सलाम, उपसरपंच गुमान सिंह, तुलसीराम यादव, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में पालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने उद्बोधन में खेलकूद के साथ छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया।

## व्यवस्था बनाने 15 दिनों का मांगा समय

# स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग, तहसीलदार ने हादसे वाली जगहों पर लगवाया बेरिकेड्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम अंवरी के ग्रामीणों एवं ग्राम विकास समिति ने मुख्य मार्ग पर स्पीड ब्रेकर (गतिअवरोधक) निर्माण की मांग को लेकर 20 जुलाई 2026 (सोमवार) को शांतिपूर्ण चक्का जाम करने की सूचना प्रशासन को दिया था। लेकिन एक दिन पहले कुरूद तहसीलदार ने ग्रामवासियों को 15 दिनों में स्पीड ब्रेकर बनाकर देने का आश्वासन दिया है और वही हाल ही में मुख्य मुख्य जगहों पर बेरीगेट्स की व्यवस्था की गई है, जिसके चलते चक्काजाम की योजना को स्थगित की गई।



इस अवसर पर रंजीत जागड़े, संरपच हितेन्द्रनाथ मण्डल, मस्तराम साहू, लोमश पाल, ललित नगारची, कैलाश निर्मलकर, मूलचंद चंदेल, लोकेश गायकवाड़, भुखन धीवर, नरेंद्र ध्रुव, नेहरू लोहार, धर्मेन्द्र लहरे, पन्ना लाल कुर्रे, उदय चरण बंजारे, नरेंद्र नगारची, चन्द्रेश नगारची सहित ग्राम विकास समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**Pride of Dhamtari**

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था

♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# छप्पन भोग, हवन और कन्या भोज के साथ स्वामी टेऊँराम चालीहा महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

धमतरी स्थित श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज के 140वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे 40 दिवसीय स्वामी टेऊँराम चालीहा महोत्सव का समापन 18 एवं 19 जुलाई को बड़े धूमधाम से हुआ।

महोत्सव के उपलक्ष्य में 18 जुलाई को आश्रम में छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी गुरुभक्तों द्वारा लाए गए गुगली बिस्कुट के लगभग 1600 पैकेटों से अत्यंत सुन्दर झांकी सजाई गई। इस झांकी से भगवान लक्ष्मीनारायण, आचार्य प्रवर एवं गुरुवरों के स्वरूपों को सजाकर विधि-विधान से भोग लगाया गया। भक्तों ने झांकी के दर्शन कर आनंद प्राप्त किया।

19 जुलाई को प्रातः आचार्य जी के अवतरण दिवस पर हवन का आयोजन किया गया, जिसमें 7



जोड़ों ने आहूति प्रदान की। इसके पश्चात 9 जून से प्रारम्भ चालीहा महोत्सव के निमित्त रखे गए पाठों का भोग-परायण किया गया।

इस अवसर पर आश्रम परिवार द्वारा लगभग 300 कन्याओं को भोजन कराया गया। गुरुभक्तों ने सभी कन्याओं को प्रेमपूर्वक भोजन कराने के पश्चात अपनी ओर से वस्त्र, दैनिक उपयोग की सामग्री एवं नगद राशि भेंट-स्वरूप प्रदान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संध्या 5:30 बजे उत्सव की समापन सत्संग सभा आयोजित हुई। धमतरी के सभी दरबारों के संतों ने मंच की शोभा बढ़ाई। उनके सानिध्य में दीप प्रज्वलित कर केक काटा गया, महाप्रसादी का भोग लगाया गया, बधाई गीत गाए गए तथा बैंड-बाजों के साथ नृत्य कर महोत्सव की खुशियाँ मनाई गईं। इस प्रकार भक्ति, सेवा और श्रद्धा के साथ 40 दिवसीय चालीहा महोत्सव का समापन हुआ।

## खबर संक्षेप





### टर्फ प्रीमियर लीग का शुभारंभ, उत्साह से सराबोर दिखे क्रिकेट प्रेमी

**धमतरी।** धमतरी के स्काई टर्फ ग्राउंड में धमतरी टर्फ प्रीमियर लीग का शुभारंभ हुआ आसमान से बरसे बूंदों के साथ क्रिकेट फैन उत्साह के साथ भीगते नज़र आये। लीग का शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पँ राजेश शर्मा के हाथों हुआ। पँ राजेश ने आयोजक और खिलाड़ी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 16 वी सदी में क्रिकेट का जन्म हुआ था, बीते 500 साल में इस खेल के कई स्वरूप बदले, शुरुआत टेस्ट से हुई फिर 20-20 का दौर छाया अब ये टर्फ पर छाने लगा है। टर्फ प्रीमियर लीग के आयोजक रोहित शर्मा ने बताया कि लीग में 7-7 ओवर के मैच रखे गए हैं, जो रात में फ्लड लाइट की रोशनी में खेले जाएंगे, पूरे टूर्नामेंट में विल्सन बॉल का उपयोग किया जाएगा, अंपायर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। टूर्नामेंट की विजेता टीम के लिए 21,000 रू, उपविजेता टीम के लिए 11,000 रू की नगद पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। हर मैच में मैन ऑफ द मैच, फाइनल मुकाबले के लिए अलग से मैन ऑफ द मैच को भी पुरस्कार दिया जाना है। बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूर्नामेंट, बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सहित कई आकर्षक व्यक्तिगत ईनाम रखे गए हैं।

### योग आयोग अध्यक्ष ने दिलाई, नशामुक्ति की शपथ



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बस्तर प्रवास के दौरान विशेष विद्यालय कोदाभाट एवं गोविंदपुर स्थित कल्याणी नशामुक्ति केंद्र का भ्रमण किया। विशेष विद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों ने उनका स्वागत कर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। योग आयोग के अध्यक्ष ने योग को स्वस्थ जीवन और नशामुक्त समाज का प्रभावी माध्यम बताते हुए सभी को नियमित योग करने तथा नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने नशा मुक्ति की शपथ भी ली।

### 31 जुलाई तक किसान करा सकेंगे फसल बीमा

**कांकेर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अऋणी किसानों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। कृषि विभाग ने किसानों से बैंक, समिति अथवा कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से समय पर बीमा कराने की अपील की है। उप संचालक ने बताया कि अल नीनो और कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए फसल सुरक्षा के लिए बीमा जरूरी है। योजना का लाभ ऋणी व अऋणी दोनों किसानों को मिलेगा, जिसमें मात्र दो प्रतिशत प्रीमियम देना होगा।

### 4.50 लीटर शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**कांकेर।** गोंडाहूर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम पीवी16 कल्याणपुर निवासी 21 वर्षीय बापी चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के घर के आंगन-परछी में दबिश देकर उसके कब्जे से 4.50 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत 120 रुपये बताई गई। साथ ही बिक्री से प्राप्त 540 रुपये भी जब्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1), 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### नवोदित रचनाकार सम्मान समारोह में प्रदेश के 50 उभरते साहित्यकारों को मिला सृजन का सम्मान

# वक्ता मंच रायपुर ने करेली बड़ी के 12 बाल कवियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏩ मगरलोड

वक्ता मंच एवं जन एकता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर के वृंदावन सभागार में आयोजित नवोदित रचनाकार सम्मान समारोह में प्रदेशभर के 50 नवांकुर रचनाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आओ कविता लिखें समूह करेली बड़ी के 12 बाल कवियों को उनकी साहित्यिक प्रतिभा, सृजनशीलता एवं हिंदी साहित्य के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

सम्मानित बाल कवियों में ईशा सेन आस्मा, कुंती साहू, हेमलता निषाद, प्रीति, सरोज भारती, हेमलता, संतोषी साहू, गीतांजलि, हसीना साहू, तेजस्वी साहू, अगरदास तथा साक्षी सेन शामिल



रहे। सम्मान प्राप्त कर सभी बाल कवियों एवं उनके अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे आगे बेहतर सृजन की प्रेरणा बताया।

समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पं. पी. के. तिवारी रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ लेखिका सीमा पांडेय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार धर द्विवेदी, शुभा शुक्ला निशा एवं ज्योति शुक्ला उपस्थित रहीं।

### बाल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना साहित्य के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण : राजेश पराते

वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहित्य केवल शब्दों का संसार नहीं, बल्कि संस्कार, संवेदना और समाज निर्माण का सशक्त माध्यम है। बच्चों को रचनात्मक अभिव्यक्ति का मंच देकर हम भविष्य के साहित्यकार, चिंतक और जागरूक नागरिक तैयार कर रहे हैं। ऐसे सम्मान समारोह नई पीढ़ी में सृजन के प्रति विश्वास और उत्साह का संचार करते हैं। आओ कविता लिखें - समूह के संस्थापक शायर जितेन्द्र सुकुमार साहिर ने कहा कि हर बच्चे के भीतर एक कवि, एक रचनाकार और एक संवेदनशील मन छिपा होता है।

आवश्यकता केवल उसे पहचानने और सही दिशा देने की है। आओ कविता लिखें समूह का उद्देश्य ग्रामीण एवं छोटे शहरों की प्रतिभाओं को साहित्य का मंच उपलब्ध कराना है। यह सम्मान उन सभी बाल प्रतिभाओं के सतत परिश्रम और साहित्य के प्रति उनके समर्पण का सम्मान है।

इससे पहले भी वक्ता मंच ने राजधानी रायपुर में आओ कविता लिखें समूह के 32 बालकवियों को सम्मानित किया था।

इस उपलब्धि पर वक्ता मंच के संयोजक शुभम साहू, वरिष्ठ साहित्यकार राजाराम रसिक, डॉ. इन्द्रजीत यदु, प्राचार्य कोमल सिंह साहू, किशोर कुमार जांगड़े, बृजेश कुमार देवांगन, पुर्नेश डड़सेना, दुर्गेश धनकर तथा श्याम सुन्दर साहू एवम् स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित अनेक साहित्यकारों, शिक्षाविदों ने हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

आओ कविता लिखें समूह करेली बड़ी के बाल कवियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष एवं गौरव का वातावरण है।

## समाधान एकेडमी में हेल्थ अवेयरनेस शनिवार स्पेशल कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏩ मगरलोड

समाधान एकेडमी, करेली बड़ी में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को हेल्थ अवेयरनेस शनिवार स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. केशव साहू, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. साहू ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, मानसिक स्वास्थ्य, नियमित व्यायाम, व्यक्तिगत स्वच्छता, रोगों की रोकथाम तथा प्रतिरक्षा क्षमता बढ़ाने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही सफलता की पहली सीढ़ी हैं तथा छोटी-छोटी अच्छी आदतें भविष्य में बड़ी बीमारियों से बचाने में सहायक होती हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सीएम साहू, शिक्षक गोदावरी साहू, कांति निषाद, भूपेंद्र साहू, उत्तम साहू, भाग्यश्री साहू, जागेंद्र साहू, ओमकार साहू, उपासना यादव, गीतेश्वरी साहू, सोहद्रा सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने डॉ. केशव साहू का आभार व्यक्त किया।

## बारिश की फुहारों के बीच सार्थक के विशेष बच्चों ने किया पौधरोपण



**धमतरी।** समाज कल्याण विभाग, धमतरी द्वारा सहायता प्राप्त मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण एवं सेवा केंद्र, सार्थक स्कूल, धमतरी में आज पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश देते हुए आँवले का एक पौधा रोपा गया। सुबह से हो रही रिमझिम बारिश के बावजूद विशेष बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। वे वर्षा की बूंदों में भीगते हुए पूरे आनंद और उमंग के साथ पौधारोपण में सहभागी बने। बच्चों ने भारतीय परंपरा के अनुसार पौधे की पूजा-अर्चना कर उसे स्नेहपूर्वक मिट्टी में रोपा तथा उसके स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना की।

पौधारोपण के दौरान बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता और आत्मीयता स्पष्ट झलक रही थी। संस्था के प्रशिक्षकों, सदस्यों तथा पालकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया और प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल का संकल्प भी दिलाया।

## नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का होगा विस्तार

- विधायक चंद्राकर का प्रयास : मंडी बोर्ड से कुरूद को 3.13 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



**कुरूद।** पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के सतत प्रयासों से छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड ने कुरूद विधानसभा क्षेत्र के लिए 3 करोड़ 13 लाख 10 हजार के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

स्वीकृत कार्यों के तहत कुरूद नगर पालिका क्षेत्र में एम.पी. थिएटर के सामने पार्किंग का समतलीकरण एवं सीसी निर्माण, मुख्य मार्ग से सनसिटी तक नहर के दोनों ओर सीसी सड़क निर्माण तथा जे.डी. कॉलोनी बाईपास मार्ग पर पेवर ब्लॉक लगाकर सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। वहीं ग्रामीण अंचलों में जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम खपरी, मरौद, गाड़ाडीह, गणेशपुर, चोरभट्ठी, आलेखुटा, मौरीकला और सिंगदेही में सार्वजनिक स्थलों पर शेड का निर्माण कराया जाएगा। इससे ग्रामीणों को सामाजिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। क्षेत्रवासियों ने इसे कुरूद विधानसभा के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए विधायक अजय चंद्राकर के प्रयासों की सराहना की है। लोगों का कहना है कि मंडी बोर्ड से मिली इस स्वीकृति के बाद क्षेत्र में लंबे समय से अपेक्षित विकास कार्य धरातल पर उतरेंगे, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जनसुविधाओं का विस्तार होगा तथा कुरूद विधानसभा के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## शिक्षण समिति मड़ईभाठा के सदस्यों ने विधानसभा सत्र की कार्रवाई देखी



**धमतरी।** लोकतंत्र और शासन प्रक्रिया को करीब से समझने के उद्देश्य से श्रीराम शिक्षण समिति मड़ईभाठा के जितेन्द्र यदु (सचिव), परमेश्वर साहू (उपाध्यक्ष), महेश साहू, मुरारी यदु, पोखन साहू, अमन राव, चन्द्रेश चांद, दयालुराम छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचे। यहां उन्होंने विधानसभा के मानसून सत्र की कार्रवाई का अवलोकन किया।

दल का नेतृत्व जितेन्द्र यदु ने किया। विधानसभा सचिवालय द्वारा सभी सदस्यों को दर्शक दीर्घा में बैठाकर प्रश्नकाल, शून्यकाल और विधेयकों पर चर्चा की प्रक्रिया दिखाई गई। अमन राव ने बताया कि हम सभी लोकतंत्र का लाइव अनुभव विधायकों द्वारा जनसमस्याओं पर सवाल-जवाब और बहस को देखा। ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को विधानसभा में कैसे उठाया जाता है, इसकी जानकारी मिली। परमेश्वर, मुरारी यदु, महेश साहू और समिति के सदस्यों ने कहा कि इस भ्रमण से युवाओं और शिक्षकों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ बढ़ेगी।

## आचार्य आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण में गतिविधि आधारित शिक्षा पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏩ मगरलोड

सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति धमतरी के मार्गदर्शन में, मगरलोड ब्लॉक के सरस्वती शिशु मंदिरों के लिए रविवार, 19 जुलाई को ग्राम बोरसी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में एक दिवसीय आचार्य आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ भारती और माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में कुल 12 विद्यालयों के 98 आचार्य और दीदी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक बोरसी विद्यालय के राधे लाल सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य निरंतर सीखना और समझना है। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर की नैतिक शिक्षा और संस्कार पद्धति की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ के शिक्षक न केवल शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, बल्कि बच्चों को उनके लक्ष्य और उच्च पदों तक पहुँचाने के लिए मार्गदर्शन भी कर रहे हैं।

### प्रशिक्षण के प्रमुख बिंदु

प्रथम सत्र (शिशुवाटिका) रांकाडीह विद्यालय की भारती साहू ने शिशुवाटिका के अंतर्गत बच्चों को





चित्रकला के माध्यम से हिंदी और अंग्रेजी वर्णमाला सिखाने की तकनीक बताई। बोडरा विद्यालय की दुर्गा साहू और बोरसी की विमला साहू ने गतिविधि आधारित अंकगणित, विज्ञान के प्रयोग (जैसे भारी-हल्की वस्तुओं का तैरना व डूबना) और वेस्ट सामग्री से शिक्षण सामग्री बनाने का कौशल सिखाया।

इस सत्र में बच्चों को स्नेह व प्रेम से पढ़ाने तथा अभिनय के माध्यम से सीखने पर विशेष जोर दिया गया। द्वितीय सत्र में मेघा विद्यालय की प्रधानाचार्या नूतन साहू ने पर्यावरण विषय में जंगल सफारी की प्रतीकात्मक प्रदर्शनी के माध्यम से पशु-पक्षियों की जानकारी देने और स्थानीय भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सभी शिक्षकों को समय के साथ अपडेट रहने और हर विषय को गतिविधि आधारित बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के समापन पर संकुल स्तर के विभिन्न आयोजनों जैसे सांस्कृतिक महोत्सव, शारीरिक खेल, योग, संगीत और नैतिक शिक्षा के सुचारू संचालन हेतु आचार्यों को विशिष्ट दायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर संयोजक मोहनलाल सिन्हा, पंच दुलेश निषाद, खोबा निषाद, साधुराम सिन्हा, संकुल समन्वयक चेलाराम पटेल, संरक्षक शंकरलाल साहू, प्रधानाचार्य नूतनकुमार साहू, वेदराम सिन्हा, गोविंद निषाद, सन्तु निषाद, रामसिंग ध्रुव, रूपेश साहू, गजानंद साहू, कौशल साहू, ओमप्रकाश साहू समेत बड़ी संख्या में आचार्य उपस्तिथ रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## आकाशवाणी रायपुर से धनंजय सिन्हा की वार्ता का प्रसारण 23 को



**मगरलोड।** ग्राम डाभा निवासी धनंजय सिन्हा का आकाशवाणी रायपुर से बच्चों का प्रसिद्ध कार्यक्रम बाल वाटिका में दिनांक 23 जुलाई को सुबह 8.30 बजे वार्ता का प्रसारण होगा। वे चंद्रशेखर आजाद के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। 23 जुलाई को चंद्रशेखर आजाद की जयंती है। ज्ञात हो कि धनंजय सिन्हा युवा कहानीकार भोलाराम सिन्हा शिक्षक के पुत्र हैं।

## राम मंदिर और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस का पलटवार



**नगरी।** धमतरी में कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी की पत्रकार वार्ता के बाद राम मंदिर एवं भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी की नेता रंजना साहू ने बयान जारी किया था। इसके विरोध में पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने रंजना साहू के बयान को तथ्यों से परे बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में अनेक जनहित एवं विकास कार्य किए गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर लगाए गए आरोप निराधार हैं और जनता राज्य में हुए विकास कार्यों से भली-भांति परिचित है।

## बेलरगाँव में नवमीं के छात्रों ने रोपे पौधे



**नगरी।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए ग्राम बेलरगाँव के कक्षा नवमी के छात्र योगराज साहू ने अपने जन्मदिन पर मित्रों के साथ धान खरीदी केंद्र मैदान में एक बरगद पौधे का रोपण किया तथा उसके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर योगराज साहू ने सभी युवाओं से अपील की है कि वे भी अपने जन्मदिन एवं अन्य शुभ अवसरों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाएँ। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उनके मित्र ओजेश साहू, वासु कोसरिया, सतीश कुमार मरकाम, शिवम कुमार भी उपस्थित रहे और सभी ने पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

## रंगोली में साकार हुई भगवान की दिव्य छवि

**कांकेर।** जगन्नाथ संस्कृति और आस्था के पावन पर्व के अवसर पर भगवान जगन्नाथ स्वामी, जो इन दिनों अपने मौसी घर में विराजमान हैं, उनकी भव्य रंगोली बनाकर श्रद्धालुओं ने अपनी भक्ति अर्पित की। रंगोली में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मनोहारी आकृति उकेरी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। आकर्षक रंगों और कलात्मक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक भाव से सराबोर कर दिया। दर्शनार्थियों ने रंगोली की सराहना करते हुए भगवान से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# धीवर समाज के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

19 जुलाई रविवार को वृन्दावन हॉल सिविल लाइन रायपुर में धीवर समाज के अधिकारी एवं कर्मचारियों का चिंतन शिविर/संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पवन धीवर कोषाध्यक्ष धीवर समाज महासभा रायपुर, अध्यक्षता बसंत धीवर अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ महासभा रायपुर, विशिष्ट अतिथि सोहन धीवर प्रमुख सलाहकार महासभा, मोतीराम फेकर अध्यक्ष लवनराज- पलारी, पुनीतराम धीवर अध्यक्ष तरेंगा राज उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी में धीवर समाज के उत्थान में कर्मचारियों की भूमिका विषय पर विस्तार से चर्चा किया गया। सभी उपस्थित कर्मचारियों ने समाज में शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। पवन धीवर ने कर्मचारी प्रकोष्ठ और मुख्य पदाधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया ,सोहन धीवर ने उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग करने पर बल दिया तथा सभी



परगनाओं में छात्र-छात्राओं के सहयोग हेतु पृथक से फंड बजट प्रावधान करने का सुझाव दिया गया। साथ ही प्रत्येक गांव में अधिकारी कर्मचारियों के साथ युवाओं एवं महिलाओं को शामिल करते हुए ग्राम विकास समिति बनाए जाने का सुझाव दिया गया। मोतीराम फेकर ने कर्मचारियों को अपने परगना स्तर पर संगठित होकर परगना के विभिन्न आयोजनों में सक्रिय सहभागिता, सहयोग एवं सामाजिकजनों के सम्पर्क में रहने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न परगना से आए कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में एस आर फुटान भाटापारा, हेमकुमार फेकर पलारी, मनहरण धीवर, मालिकराम तारक तरेंगा परगना, लीलाधर तारक कुरुद ,सतीश फरीकार रायपुर, रामटहल धीवर तरेंगा, भागवत ओझा देवरी, दुलरवा धीवर तरेंगा, ईश्वर धीवर रायखेड़ा, रामूलाल धीवर, पतिराम तारक, चंद्रशेखर तारक कोटनी, कमलेश ढीमर ,सियाराम ढीमर राजनांदगांव, विष्णु निषाद धमतरी ,प्रकाश धीवर अंडा परगना एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव रामलाल पेंदरिया ने किया।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को देना होगा मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम

# 31 जुलाई तक कराएं खरीफ फसलों का बीमा प्राकृतिक आपदाओं से मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



खरीफ वर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे प्राकृतिक आपदाओं, कीट-व्याधि एवं अन्य जोखिमों से अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर फसल बीमा अवश्य कराएं।

योजना के अंतर्गत जिले में धान (सिंचित एवं असिंचित), मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी तथा मूंगफली फसलों का बीमा कराया जा सकता है। योजना में ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के किसान शामिल हो सकते हैं। भू-धारक तथा बटाईदार किसान भी योजना के पात्र होंगे। अधिसूचित ग्रामों में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण लेने वाले किसानों को योजना में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। गैर-ऋणी किसान आधार कार्ड, बैंक पासबुक, बी-1, खसरा एवं स्व-प्रमाणित फसल बुआई प्रमाण-पत्र के साथ योजना का लाभ ले सकते हैं। किसानों को कुल बीमित राशि का केवल 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा।

प्रति हेक्टेयर प्रीमियम की दरें इस प्रकार निर्धारित की गई हैं— धान (सिंचित) 1,320 रुपये, धान (असिंचित) 990 रुपये, मक्का 1,012 रुपये, मूंगफली 1,034 रुपये, अरहर 924 रुपये, मूंग 550 रुपये, उड़द 550 रुपये, कोदो 396 रुपये, कुटकी 418 रुपये तथा रागी 374 रुपये। योजना के अंतर्गत बाधित बुआई, रोपण जोखिम, फसल अवधि के दौरान प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति, कटाई के बाद खेत में सूखने के लिए रखी गई फसल को चक्रवात अथवा बेमौसमी वर्षा से होने वाला नुकसान तथा ओलावृष्टि एवं जलभराव जैसी स्थानीय आपदाओं से होने वाली क्षति भी बीमा सुरक्षा के दायरे में शामिल है। बीमा कराने की अंतिम तिथि के अनुसार गैर-ऋणी किसान 31 जुलाई 2026 तक तथा ऋणी किसान 15 अगस्त 2026 तक फसल बीमा करा सकते हैं।

किसान अपने निकटतम प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, बैंक शाखा, कॉमन सर्विस सेंटर, बीमा कंपनी के पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से, या कृषि विभाग के अधिकारी एवं संबंधित पटवारी से संपर्क कर फसल बीमा करा सकते हैं। कृषि विभाग ने सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुए समय रहते प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लें। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 14447 पर संपर्क किया जा सकता है अथवा निकटतम कृषि विभाग कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# घड़ियाली आंसू बहाना बंद करें कांग्रेसी : महेंद्र पंडित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री महेंद्र पंडित ने नगर निगम के घेराव को कांग्रेस की आपसी प्रतिस्पर्धा और राजनीतिक हताशा का परिणाम बताते हुए कहा कि कांग्रेस न तो जनहित के कार्य कर सकती है और न ही जनता के हित में हो रहे विकास कार्यों को देख सकती है।

उन्होंने कहा कि आज नगर निगम का घेराव धमतरी के चहुँमुखी विकास के विरोध का प्रतीक बनकर सामने आया है। यह जनता के सामने कांग्रेस की वास्तविक सोच और मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को वह समय नहीं भूलना चाहिए, जब प्रदेश और धमतरी नगर निगम दोनों जगह उनकी सरकार थी।

उस दौरान पूरे छत्तीसगढ़ के लगभग 18 लाख गरीब परिवारों के प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों को रोक दिया गया था, जिनमें धमतरी के हजारों पात्र परिवार भी शामिल थे।

श्री पंडित ने कहा कि प्रदेश और धमतरी नगर निगम में भाजपा की सरकार बनने के बाद आवास से वंचित हितग्राहियों को उनका अधिकार दिलाया गया। पूरे प्रदेश में लाखों तथा धमतरी नगर निगम क्षेत्र में हजारों आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से लगभग 60 प्रतिशत आवास पूर्ण भी हो चुके हैं। यह भाजपा सरकार की गरीब कल्याण और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी जनता का हितैषी बनते हुए जनहित और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले महापौर रामू रोहरा के साथ बैठकर शहर के विकास के लिए सुझाव दें और सहभागी बनें, न कि विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करें। उन्होंने कहा कि पट्टा विहीन पात्र परिवारों को भी नियमानुसार पट्टा प्रदान करने की दिशा में सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है।

# आईटीबीपी के जवान को ससम्मान अंतिम विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बरसते पानी में आईटीबीपी के जवान खिलेश कुमार ध्रुव का उनके गृह ग्राम शंकरदाह में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, आईटीबीपी के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

शंकरदाह निवासी खिलेश कुमार ध्रुव उम्र 32 साल भारत-तिब्बत सीमा पुलिस(आईटीबीपी) में पदस्थ थे। रविवार को गुवाहाटी(असम) में उनका असामयिक निधन हो गया। मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर धमतरी पहुंचा, यहां पर अर्जुनी मोड़ से युवाओं ने तिरंगा रैली निकालकर उन्हें सम्मानपूर्वक उनके गृहग्राम शंकरदाह पहुंचाया। सामाजिक रस्म पूरी करने के बाद उनके पार्थिव स्कूल में सुरक्षित रखा गया था। यहां पर लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बरसते पानी में गांव वालों की भीड़ जवान को अंतिम विदाई देने उमड़ पड़ी। इसके बाद स्कूल से ही उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई और अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में विधायक ओंकार साहू, भाजपा के स्थायी आमंत्रित सदस्य राजेश शर्मा, भाजपा महामंत्री महेंद्र पंडित, राजीव सिन्हा, खूबलाल ध्रुव, देवेंद्र आजमानी, सरपंच रमी गौतम, उपसरपंच विनोद डिंडोलकर, डोड़की सरपंच रामबती अश्वनी सिन्हा, आईटीबीपी के अधिकारी, अर्जुनी थाना प्रभारी चंद्रकांत साहू, पुलिस के जवान और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**रो पड़ी सबकी आंखें**

खिलेश कुमार सरल स्वभाव के थे, जिसके चलते परिवार, समाज, गांव और अपने दोस्तों के बीच खूब पसंद किए जाते थे। वे आईटीबीपी में 2013-14 से पदस्थ थे। खिलेश छत्तीसगढ़ के नारायणपुर से ड्यूटी पूरी कर गुवाहाटी लौट रहे थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। काफी प्रयास के बाद भी डाक्टर उन्हें बचा नहीं सके।

# कांग्रेस का धरना केवल दिखावा, भाजपा सरकार ने गरीबों को दिया अपना घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नीलेश लूनिया ने कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन को जनता को गुमराह करने का प्रयास बताते हुए कहा कि जिन लोगों ने अपने शासनकाल में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित रखा, वे आज धरना देकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस को पहले अपने कार्यकाल का हिसाब देना चाहिए।

निलेश लूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गरीब, किसान और जरूरतमंद परिवारों के हित में लगातार ऐतिहासिक निर्णय लिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रदेश में लाखों गरीब परिवारों के पक्के मकान का सपना साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धमतरी नगर निगम क्षेत्र में भी भाजपा सरकार की पहल पर अनेक वार्डों के पात्र हितग्राहियों के आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें हाटकेश्वर वार्ड, शीतला पारा वार्ड, औद्योगिक वार्ड, साहलेवार पारा वार्ड, महिमा सागर वार्ड, रामपुर वार्ड, नयापारा वार्ड, टिकरापारा वार्ड, जोधापुर वार्ड, रिसाई पारा वार्ड, डाक बंगला वार्ड तथा सुभाष नगर वार्ड के पात्र एवं 1 वर्ष में ही 1072 हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति मिली है। इससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार गरीबों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने का कार्य कर रही है। निलेश लूनिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हजारों पात्र परिवार आवास योजना के लाभ से वंचित रहे। विकास कार्यों की अपेक्षा भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी और जनहित की उपेक्षा कांग्रेस शासन की पहचान बन गई थी। आज वही कांग्रेस जनता को गुमराह करने के लिए धरना-प्रदर्शन कर रही है, जिसे जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल आवास ही नहीं, बल्कि आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, हर घर जल, गरीब कल्याण अन्न योजना, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य कर रही है। कांग्रेस केवल विरोध की राजनीति तक सीमित रह गई है।

# ब्राम्हण समाज ने किया नए एसपी भावना पांडेय का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच व महिला मंच के सदस्यों द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय धमतरी पहुंच कर जिले के नव पदस्थ पुलिस कप्तान भावना पांडेय का पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं माता की चुनरी भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा मंच के प्रदेशाध्यक्ष विक्रांत शर्मा, विप्रविद्वत पारिषद अध्यक्ष बालेन्द्र पांडेय, पीयूष पांडेय, सूरज शर्मा, रितेश मिश्रा, आदर्श शर्मा, प्रसन्ना तिवारी, ईशान शर्मा महिला मंच जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा, सीमा चौबे, अर्चना पांडेय, हिना मिश्रा, प्रतिमा पांडेय, लक्ष्मी शर्मा उपस्थित थे।

## निगम घेराव पर भाजपा का पलटवार कांग्रेस का प्रदर्शन बताया दिखावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित नगर निगम घेराव को लेकर भाजपा पार्षदों ने पलटवार किया है। लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष एवं भाजपा पार्षद विजय मोटवानी ने कहा कि कांग्रेस का यह प्रदर्शन जनता के बीच अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में नगर निगम के सभी 40 वार्डों में पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मोटवानी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पांच वर्ष के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी को बढ़ावा मिला, जिसका जवाब जनता ने नगर निगम चुनाव में दे दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले अपने कार्यकाल का आत्ममंथन करना चाहिए। साथ ही नसीहत देते हुए कहा कि जो स्वयं कांच के घर में रहते हैं, उन्हें दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकना चाहिए। भाजपा ने कांग्रेस के नगर निगम घेराव को जनहित नहीं, बल्कि राजनीतिक दिखावा बताया है।

## दहदहा स्कूल में शाला विकास समिति का गठन

**कुरूद।** शाउमावि दहदहा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शाला विकास समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष ठाकुर राम साहू तथा उपाध्यक्ष श्रीमती चाँदनी साहू बनाए गए। प्राचार्य पुनीत राम साहू ने नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के शैक्षणिक एवं आधारभूत विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2026
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
16/17 अगस्त 2026, शुक्रवार
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक के आचार्य पं. शिवा प्रसाद चतुर्वेदी एवं पं. कार्तिक शास्त्री के सानिध्य में विद्वान पंडितों के द्वारा काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
संपर्क करें
99931-57703, 98278-32481
98935-70664, 98271-88577

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है?
तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर, अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी, खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार।
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा) कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

REGULAR CLASSES STARTING SOON!
PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
B.Sc. IN YOGA
B.A. IN YOGA
P.G.D.Y.N. POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA & NATUROPATHY
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
CONTACT US
+91: 8450022865, 9203563863, 9203622865, 9203722865 pioneerfound@email.com
ENROLL TODAY FOR A HEALTHY FUTURE!

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे कर्मा चौक, धमतरी, मो.नं. 98264-32896